कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), मध्य प्रदेश

भू–तल, सी–ब्लॉक, वन भवन, लिंक रोड़ नं. –2, तुलसी नगर, भोपाल–462003

दूरभाष : 0755–2674318, 2674337, फैक्स : 0755–2766315

E-mail : pccfwl@mp.gov.in

क्रमांक / व.प्रा. / व.त.अ.–1 / NGT-1 / सोन.घड़ि / 9968 भोपाल, दिनांक 20-11-2023

प्रति,

क्षेत्र संचालक,
संजय टाइगर रिजर्व, सीधी।

विषय :– नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली में लंबित प्रकरण क्रमांक 491 / 2022 (आई.ए. क्रमांक–426 / 2023) के संबंध में। (आवेदक श्री अभिषेक पांडे)

संदर्भ :– आपका का पत्र क्रमांक / तक. / 2023 / 6002 दिनांक 25.10.2023

उपरोक्त विषयांतर्गत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली में लंबित प्रकरण क्रमांक 491 / 2022 (आई.ए. क्रमांक–426 / 2023) आवेदक अभिषेक पांडेय विरूद्ध भारत सरकार के संबंध में पारित आदेश दिनांक 05.10.2023 के अनुसार संदर्भित पत्र से प्राप्त जानकारी से सहमति व्यक्त करते हुए माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में प्रस्तुत किये जाने हेतु प्रेषित है:–

1. प्रश्नाधीन स्वीकृत माइनिंग क्षेत्र सोन घड़ियाल अभयारण्य की सीमा से 1850 मीटर की न्यूनतम दूरी पर स्थित होना पाया गया।
2. प्रश्नाधीन स्थल के पास स्वीकृत रेत खदान क्षेत्र, सोननदी, सोन घड़ियाल अभयारण्य की सीमा एवं सोन घड़ियाल अभयारण्य के ईकोसंवेदी जोन की सीमा दर्शाता रंगीन मानचित्र परिशिष्ट–1 पर संलग्न है। उक्त मानचित्र पर आदेशानुसार विभिन्न सीमाओं की स्थिति दर्शाता हुआ अक्षाशं–देशांश का विवरण निम्नानुसार है:–

   (A) N- 24^0 36' 0.954" E - 82^0 47' 33.00" (B) N- 24^0 35' 59.075" E - 82^0 47' 39.291"
   (C) N- 24^0 35' 51.69" E - 82^0 47' 31.23" (D) N- 24^0 35' 50.313" E - 82^0 47' 39.815"
3. वर्तमान स्थिति में क्षेत्रीय अधिकारियों के भ्रमण दिनांक 20.10.2023 को उक्त सैंडब्रिज सोननदी के प्रवाह में डूबे हुये पाये गये। अतः सेंडब्रिज की वर्तमान स्थिति बताया जाना संभव नही है।
4. प्रश्नाधीन रेत खदान क्षेत्र वर्तमान में जलमग्न होने से स्पष्ट है कि उक्त स्थल सोननदी के मुख्य प्रवाह में स्थित है।
5. प्रश्नाधीन माइन क्षेत्र सोन घड़ियाल अभयारण्य की सीमा तथा ईको–सेंसेटिव जोन से न्यूनतम दूरी 1850 मीटर है। उपरोक्त सीमाओं की माइन क्षेत्र से न्यूनतम दूरी अभिप्रमाणित मानचित्र (परिशिष्ट–1) पर दर्शायी गई है।

कृपया उक्त जानकारी माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल judicial-ngt@gov.in से preferably pearchable PDF/OCR Support PDF format में प्रस्तुत करें एवं प्रकरण के अधिवक्ता से सम्पर्क कर अग्रिम कारवाही करें।

संलग्न :–उपरोक्तानुसार।

20/11/23

(शुभरंजन सेन)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी),
मध्यप्रदेश, भोपाल

D:\DM Sec\Letter -2023-24.docx

पृ0 क्रमांक / व.प्रा. / व.त.अ.–1 / NGT-1 / सोन.घड़ि / 9969 भोपाल, दिनांक 20-11-2023

प्रतिलिपि :–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), मध्यप्रदेश, वन भवन भोपाल की ओर उनकी टीप क्रमांक 546 दिनांक 18.10.2023 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. श्री प्रशांत हर्ने, शासकीय अधिवक्ता, माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

20/11/23

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी),
मध्यप्रदेश, भोपाल

Location Map of Thathara Khadan and Songhariyal Sanctuary



(शुभरंजन से[illegible]) भा.व.से.